भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 963

जिसका उत्तर 05.02.2026 को दिया जाना है

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के ऋण की बकाया स्थिति

963. श्री पी. पी. चौधरी:
डॉ. के. सुधाकर:
श्री भर्तृहरि महताब:
डॉ. हेमांग जोशी:
श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी:
श्रीमती लवली आनंद:
श्री राजकुमार चाहर:
श्रीमती बिजुली कलिता मेधी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के ऋण की बकाया स्थिति विगत तिमाही के अनुसार कितनी है;

(ख) पथकर, प्रचालन और हस्तांतरण (टीओटी) और अवसंरचना निवेश न्यासों (आईएनवीआईटी) के माध्यम से राजमार्ग के मौद्रीकरण का ऋण अदायगी में कितना योगदान रहा है;

(ग) क्या कोई मौद्रीकरण बंडल अपेक्षित बोलियां आकर्षित करने में विफल रहा है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) राजमार्गों के रख-रखाव पर राजकोषीय दबाव के प्रभाव को रोकने के लिए क्या सुरक्षा उपाय किए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) नवीनतम तिमाही के अंत में अर्थात् दिनांक 31.12.2025 को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का बकाया ऋण 2,37,247.95 करोड़ रुपये था।

(ख) टोल-संचालन-हस्तांतरण (टीओटी) माध्यम से जुटाई गई निधि, भारत की संचित निधि (सीएफआई) में अंतरित की जाती है, जिसे एनएचएआई निवेश के रूप में, बजटीय सहायता के माध्यम से

एनएचएआई में वापस लाया जाता है और इसका उपयोग परियोजनाओं पर निवेश और ऋण सेवा कार्य के लिए किया जा सकता है।

टीओटी और अवसंरचना निवेश न्यास (इनविट) प्राप्तियों का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(ग) और (घ) निम्नलिखित 4 टीओटी बंडल अपेक्षित बोलियों का ध्यान खींचने में विफल रहे हैं:

I. टीओटी बंडल -2

II. टीओटी बंडल -6

III. टीओटी बंडल -8

IV. टीओटी बंडल -10

निविदा की वैधता के समाप्त होने से टीओटी बंडल-15 को बंद कर दिया गया।

(ङ) टीओटी/इनविट-आधारित रियायत अनुबंधों में, रियायतग्राहियों पर रियायत अवधि के दौरान सड़कों का रखरखाव करने का दायित्व है और ओ एंड एम और आवश्यक ओवरले की लागत पहले से ही उनके वित्तपोषण मॉडल और रियायत मूल्य में शामिल है। राजमार्गों को अपेक्षित मानकों को बनाए रखने में विफलता की स्थिति में, रियायत करार की शर्तों में उचित कार्रवाई रियायतग्राही के खिलाफ की जा सकती है।

'भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के ऋण की बकाया स्थिति' के संबंध में श्री पी. पी. चौधरी, डॉ. के. सुधाकर, श्री भर्तृहरि महताब, डॉ. हेमांग जोशी, श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी, श्रीमती लवली आनंद, श्री राजकुमार चाहर, श्रीमती बिजुली कलिता मेधी के द्वारा दिनांक 05.02.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 963 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

क. टीओटी के तहत सीएफआई में जमा की गई प्राप्तियाः

टीओटी-बंडल	वित्त वर्ष	लंबाई (किमी में)	राज्य	सीएफआई को अंतरित रियायत मूल्य (करोड़ रु. में)	वर्ष-वार (करोड़ रु. में)
टीओटी-1	2018-19	681	आंध्र प्रदेश, उड़ीसा और गुजरात	9682	9682
टीओटी-3	2020-21	566	उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और तमिलनाडु	5011	5011
टीओटी-5(ए-1)	2021-22	54	गुजरात	1011	1011
टीओटी-5(ए-2)		106	गुजरात	1251	
टीओटी-7		135	ईपीई	6267	
टीओटी-9	2022-23	73	उत्तर प्रदेश	3144	10662
टीओटी-11		84	उत्तर प्रदेश	2156	
टीओटी-12		316	मध्य प्रदेश	4428	
टीओटी-13		108	एमपी और राजस्थान	1683	
टीओटी-14	2023-24	189	यूपी, दिल्ली और उड़ीसा	7701	15968
टीओटी-16	2024-25	252	हैदराबाद नागपुर खंड	6661	6661
टीओटी-17	2025-26	366	लखनऊ-अयोध्या-	9270	9270

			गोरखपुर-सुल्तानपुर खंड		
कुल --->		**2930**		**58265**	**58265**

टिप्पण: टीओटी-2,6,8,10 विफल हो गए। निविदा के समाप्त होने से टीओटी-15 को बंद कर दिया गया।

ख. इनविट के तहत प्राप्तियां:

इनविट चक्र (राउंड)	वित्त वर्ष	लंबाई किमी में	राज्य	रियायत मूल्य करोड़ रु. में
राउंड 1	**2021-22**	**389**	कर्नाटक, गुजरात, राजस्थान और तेलंगाना	7,350
राउंड 2	**2022-23**	**246**	एमपी, यूपी और महाराष्ट्र	2,850
राउंड 3	**2023-24**	**889**	डब्ल्यूबी, यूपी, एमपी, असम, एमपी और कर्नाटक	15,700
राउंड 4*	**2024-25**	**754**	11 सड़क परिसंपत्तियां (2024-25 के लिए नीचे सूचीबद्ध)	17,738*
कुल		**2278**		**43,638**

*टिप्पण: * वित्त वर्ष 2025-26 में सीएफआई में जमा की गई प्राप्तियां*

*****